प्रभात खबर
पटना, सोमवार
15.10.2018

नये प्रोजेक्ट के रजिस्ट्रेशन को लेकर दिये कागजात की जांच में हुआ खुलासा

बगैर सूचना 15 रियल इस्टेट प्रोजेक्ट चला रहा मेरेडियन कंस्ट्रक्शन, रेरा का नोटिस

रेरा ने चालू प्रोजेक्ट का मांगा पूरा ब्योरा
अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का भी पूछा कारण

संवाददाता ▷ पटना

प्रोपर्टी रूल्स को ताक पर रख कर अब भी रियल इस्टेट प्रोजेक्ट चलाने वाले बिल्डरों की कमी नहीं है. रेरा रजिस्ट्रेशन के नियमों के बावजूद कई बिल्डर बगैर रजिस्ट्रेशन अलग-अलग जगहों पर एक साथ दर्जन भर प्रोजेक्ट चला रहे हैं. ऐसी ही एक कंपनी मेरिडियन कंस्ट्रक्शन इंडिया लिमिटेड द्वारा चलाये जा रहे 15 प्रोजेक्टों का खुलासा बिहार रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) की आंतरिक जांच में हुआ है. मामला प्रकाश में आने के बाद रेरा ने कंपनी के प्रमोटरों को नोटिस देते हुए उनसे चालू प्रोजेक्ट का पूरा ब्योरा तलब करते हुए अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का कारण भी पूछा है. मालूम हो कि मेरिडियन कंस्ट्रक्शन राजद विधायक अबु दोजाना की कंपनी है, जो पहले भी लालू प्रसाद के विवादित मॉल निर्माण को लेकर चर्चा में रही है. इनके अलावा इस कंपनी में अबु मुर्तजा गजाली, अनु तल्हा और मुशर्रफ अली भी निदेशक हैं.

नोटिस भेज कर मांगा गया है जवाब

“ मेरिडियल कंस्ट्रक्शन इंडिया कंपनी बिहार में अलग-अलग जगहों पर दर्जन भर से अधिक प्रोजेक्ट चला रही हैं. इनका रेरा में निबंधन नहीं कराया गया है. इसको लेकर कंपनी को नोटिस भेज कर जवाब मांगा गया है. जवाब मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी.

—**आरबी सिन्हा**, सदस्य, रेरा

पटना से मुजफ्फरपुर तक चल रहे प्रोजेक्ट

कंपनी के बगैर निबंधित यह पंद्रह प्रोजेक्ट पटना से लेकर मुजफ्फरपुर तक चल रहे हैं. बैलेंस शीट में इन प्रोजेक्ट का ब्योरा डाकबंगला चौराहा, पालम बिहार, एसएस बिहार, रुकनपुरा, आकाश गंगा साइट, सिल्वेन हेरिटेज, फॉरेस्ट विहार, एम्स, दीघा साइट, फुलवारी साइट, मनेर साइट, बोरिंग रोड साइट, मुजफ्फरपुर साइट, बेली रोड और इशोपुर में जमीन के नाम से दिया गया है. इनमें से कुछ प्रोजेक्ट कंपलीट हुए हैं, लेकिन अधिकतर निर्माणाधीन हैं. कंपनी ने इन प्रोजेक्ट के फ्लैट व जमीन की बिक्री से छह करोड़ रुपये से अधिक की कमाई भी की है. प्रमोटरों से नोटिस का जवाब मिलने के बाद रेरा इन प्रोजेक्ट की जांच करेगा और जुर्माने के साथ रजिस्टर्ड करने की कार्रवाई करेगा.

नये प्रोजेक्ट के रजिस्ट्रेशन आवेदन से मामला आया सामने

मेरिडियन कंस्ट्रक्शन के 15 पुराने प्रोजेक्ट की जानकारी रेरा तक पहुंचने की कहानी भी रोचक है. दरअसल, कंपनी के एक निदेशक मुशर्रफ अली ने राजापुर के अपने नये प्रोजेक्ट मेरिडियन इंक्लेव अपार्टमेंट के रजिस्ट्रेशन को लेकर सितंबर में रेरा के पास जो कागजात जमा कराये, उसके माध्यम से ही रेरा को इसकी जानकारी मिली. कंपनी की बैलेंस शीट में पहले से चल रहे इन 15 प्रोजेक्ट पर हुए खर्च की जानकारी दी गयी थी. जब इसकी जांच हुई तो पता चला कि इनमें से किसी का रजिस्ट्रेशन रेरा के तहत नहीं कराया गया है. हालांकि, बैलेंस शीट में प्रोजेक्ट की डिटेल जानकारी नहीं दी गयी है.